न्यायालय उप जिला कलक्टर एवं उप जिला मजिस्ट्रेट गंगापुर सिटी
जिला सवाई माधोपुर
पीठासीन अधिकारी— श्री बृजेन्द्र मीना, आर0ए0एस0

मुकदमा नम्बर	तारीख रजू	तारीख निर्णय
142/2025	04.11.2025	18.2.2026

गुलबाई पुत्री नवल पत्नी रमेश, बागरिया नि. गांवडीखुर्द तह0 गंगापुर सिटी
—प्रार्थिया

बनाम

लैण्ड होल्डर जरिए तहसीलदार तहसील गंगापुर सिटी —अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल0आर0एक्ट

उपस्थित :— श्री सतीश कुमार शर्मा, एडवोकेट, प्रार्थिया की ओर से

निर्णय

प्रार्थिया ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 लैण्ड रेवेन्यू एक्ट इस आशय का प्रस्तुत किया है कि भूमि ख0न0 144 रकबा 1.51 है0, ख0न0 145 रकबा 1.00 है0 ग्राम गांवडीखुर्द तह0 गंगापुर सिटी मे प्रार्थिया एवं अन्य की सहखातेदारी व कब्जे काश्त की भूमि है। प्रार्थिया का नाम गल्लो पुत्र नवल दर्ज है जो प्रार्थिया का बोलता घर का नाम है। प्रार्थिया का सही व सरकारी दस्तावेजों मे नाम गुलवाई है परन्तु टाईपिंग की गलती व लिपिकिय भूल के कारण राजस्व रिकॉर्ड मे प्रार्थिया का नाम गुलबाई के स्थान पर गल्लों दर्ज हो गया है। जिसकी दुरूस्ती होना आवश्यक है। प्रार्थिया के समस्त सभी दस्तावेजों मे सही नाम गुलबाई दर्ज है। अतः प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन है कि भूमि खाता संख्या 47 के ख0न0 144 रकबा 1.51 है0, ख0न0 145 रकबा 1.00 है0 ग्राम गांवडीखुर्द तह0 गंगापुर सिटी मे प्रार्थिया का नाम गल्लो पुत्री नवल के स्थान पर गुलबाई पुत्री नवल दर्ज करने के आदेश दिये जावे।

प्रार्थना पत्र के समर्थन में प्रार्थिया ने नकल जमाबंदी संवत 2070—73 खाता संख्या 47 ग्राम गांवडीखुर्द, फोटोकोपी आधार कार्ड, बैंकपास बुक प्रस्तुत किये है एवं शपथ स्वयं प्रार्थिया, इंदरसिंह, गजरो उर्फ गजरू पत्नी नवल प्रस्तुत किये है।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को तलब किया गया एवं तहसीलदार गंगापुर सिटी से रिपोर्ट चाही गई।

प्रार्थी तहसीलदार गंगापुर सिटी की ओर से उनके पत्र क्रमांक राजस्व/25/2385 दिनांक 03.12.2025 के साथ रिपोर्ट प्राप्त हुई है। इसके साथ पटवारी हल्का अहमदपुर की मूल रिपोर्ट भी संलग्न की गई है।

बहस विद्वान अभिभाषक प्रार्थिया सुनी गई।

प्रार्थिया के विद्वान अभिभाषक ने अपनी बहस में तहसीलदार गंगापुर सिटी की रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थिया के नाम में वर्तमान राजस्व अभिलेख में दुरूस्ती करवाए जाने का निवेदन किया है।

बहस पर मनन किया। पत्रावली पर उपलब्ध अभिलेखों का अवलोकन किया। लैण्ड होल्डर तहसीलदार गंगापुर सिटी की रिपोर्ट के अनुसार ग्राम गांवडीखुर्द के नामा0 संख्या 481 खाता संख्या 47 मे आवेदिका गुलबाई का

उपखण्ड अधिकारी
गंगापुर सिटी (राज०)

Signature Not Verified
Digitally signed by Brijendra Meena
Date: 2026.02.27 15:32:59 IST
Reason: SelfAttested